एक नजर

विभिन्न मांगों को लेकर पेंशनर करेंगे राजधानी में धरना प्रदर्शन

इटारसी। ऑल प्रगतिशील पेन्शनर्स वेलफेयर एसोसिएशन द्वारा 8 अक्टूबर को प्रदेश की राजधानी भोपाल में अपनी विभिन्न मांगों को लेकर धरना प्रदर्शन किया जायेगा। एसोसिएशन के प्रांतीय सचिव बसंत गिरी गोस्वामी (इटारसी) ने बताया कि पेन्शनर का यह धरना 2 प्रशिशत महंगाई भत्ता, 27 माह का बकाया एरियर 30 जून एवं 31 दिसम्बर को सेवा निवृत्त कर्मचारियों का तत्काल भुगतान, पेन्शनर के बेरोजगार एवं अल्प वेतन पर जीवन यापन करने वाले बच्चों को पीला राशन कार्ड, पेन्शनर की मृत्यु पर एक लाख पच्चीस हजार राहत राशि का भुगतान सहित अनेक मंगों को लेकर होगा। पेन्शनर पदाधिकारी प्रांतीय अध्यक्ष सुधीर दुबे, एम.एस. सिकरवार, के.बी. पाठक, रमेश जोशी, प्रकाश गवांदे, के.एस. गंगवार, हरप्रसाद बंसकार, राजा भईया गुर्जर, जगदीश राजपूत, एम.एस. सहगल, अब्दुल वहाव सिद्धीकी, अभय कुमार जैन, ओ.पी. गुप्ता आदि ने सभी पेंशनर से धरने में भाग लेने की अपील की है।

आज जिले के प्रवास पर रहेंगे प्रभारी मंत्री श्री राकेश सिंह

नर्मदापुरम लोक निर्माण विभाग एवं

नर्मदापुरम जिले के प्रभारी मंत्री श्री राकेश सिंह 05 अक्टूबर 2025 को जिले के प्रवास पर रहेंगे तथा पिपरिया में आयोजित कार्यक्रम में सम्मिलित होंगे। प्रभारी मंत्री श्री राकेश सिंह के निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार मंत्री श्री सिंह प्रात: 08:30 बजे भोपाल से प्रस्?थान कर बाड़ी बरेली मार्ग से प्रात: 10.45 बजे पिपरिया स्थित विश्राम ग्रह पहुंचेंगे एवं प्रात: 10.55 बजे विश्राम ग्रह से प्रस्थान कर प्रात: 11.00 बजे से कृषि उपज मंडी पिपरिया में आयोजित सांसद मेले के उद्घाटन कार्यक्रम में सम्मिलित होंगे। मंत्री श्री सिंह दोपहर 12.00 बजे पिपरिया से जबलपुर के लिए प्रस्थान करेंगे।

राशन की सूचना उपभोक्ताओं के मोबाइल पर

राशन लेने वालों को अब राशन दुकान के चक्कर नहीं काटने पड़ेंगे

नवभारत न्यूज

नर्मदापुरम/04,अक्टूबर,2025/ खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण मंत्री श्री गोविंद सिंह राजपूत ने बताया है कि राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम के अंतर्गत सम्मिलित पात्र हितग्राहियों की सुविधा, राशन सामग्री के प्रति जागरूक करने तथा राशन वितरण व्यवस्था को पारदर्शी बनाने के उद्देश्य से मुख्यमंत्री अन्न सेवा जागरूकता कार्यक्रम आपका राशन-आपका अधिकार प्रारंभ किया गया है। उन्होंने कार्यक्रम का बेहतर तरीके से क्रियान्वयन सुनिश्चित करने के निर्देश दिये हैं।

मुख्यमंत्री अन्न सेवा जागरूकता कार्यक्रम का उद्देश्य राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम के अंतर्गत 5.28 करोड़ पात्र हितग्राहियों को उनकी राशन सामग्री की मासिक हकदारी के प्रति जागरूक करना है। अन्त्योदय परिवार को 35 किलो प्रति परिवार एवं प्राथमिकता श्रेणी के परिवार को 5 किलो प्रति सदस्य खाद्यान्न नि:शुल्क के साथ 1 किलोग्राम नमक 1 रूपये प्रति किलो की दर से और अन्त्योदय परिवारों को 1 किलोग्राम शक्कर 20 रूपये प्रति किलो की दर से वितरण किया जा रहा है।

कार्यक्रम का क्रियान्वयन - राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम के अंतर्गत सम्मिलित 130 लाख परिवारों के एक सदस्य का मोबाईल नंबर डाटाबेस में दर्ज है। इन परिवारों को प्रतिमाह विकासखण्ड

स्तरीय 308 प्रदाय केंद्र से मुख्यमंत्री युवा अन्नदूत योजना के तहत 100 वाहनों से उचित मूल्य दुकानों को खाद्यान्न डिस्पेच होगा, उसी समय संबंधित उचित मूल्य दुकानों से पंजीबद्ध उपभोक्ताओं को राशन निकलने का सिस्टम जनरेटेड मेसेज रजिस्टर्ड मोबाइल नंबर पर जाएगा। विकासखण्ड स्तरीय प्रदाय केंद्र से उचित मूल्य दुकान पर जैसे ही खाद्यान्न प्राप्त होगा एवं उचित मूल्य दुकान के विक्रेता द्वारा पीओएस मशीन में राशन प्राप्ति की प्रविष्टि की जाएगी, उसी समय पंजीबद्ध पात्र परिवारों को उचित मूल्य दुकान पर राशन पहुंचने का सिस्टम जनरेटेड मेसेज मोबाइल नंबर पर जाएगा। उचित मूल्य दुकान पर लगाई गई पीओएस मशीन में पात्र परिवारों को बायोमैट्रिक सत्यापन के बाद राशन का वितरण किया जाता है। पात्र परिवार द्वारा पीओएस से राशन प्राप्त होते ही उपभोक्ता को दिए गए राशन की मात्रा संबंधी सिस्टम जनरेटेड संदेश उपभोक्ताओं के मोबाइल नम्बर पर जाएगा। प्रत्येक उचित मूल्य दुकान से वर्ष भर में वितरित किये गये खाद्यान्न की जानकारी जनसमुदाय को देने के लिए वर्ष में दो बार 26 जनवरी एवं 02 अक्टूबर को ग्राम सभाओं में विस्तृत विवरण पढ़ा जाएगा। उपभोक्ताओं में आपका राशन-आपका अधिकार संबंधी जागरुकता लाने के लिये समय-समय पर चरणबद्ध रूप से उपभोक्ता जागरूकता शिविरों का आयोजन किया जायेगा। राशन सामग्री प्रदाय केन्द्र से उचित मूल्य दुकान तक पहुंचने पर उपभोक्ताओं द्वारा निगरानी रखी जा सकेगी, जिससे परिवहन के दौरान सामग्री की सुरक्षा सुनिश्चित की जा सकेगी। उपभोक्ताओं को उचित मूल्य दुकान पर सामग्री प्राप्त होने की सूचना मिलने से समय पर राशन सामग्री का वितरण किया जा सकेगा। उपभोक्ताओं को प्राप्त सामग्री की जानकारी सिस्टम से प्राप्त होने पर विक्रेता द्वारा दी गई सामग्री से मिलान किया जा सकेगा।

इससे निर्धारित मात्रा से कम सामग्री देने पर रोक लगेगी। गाँव में पात्र परिवारों की सूची का वाचन करने से मृत तथा स्थाई रूप से प्रवासी हितग्राहियों को विलोपन किया जा सकेगा। इससे पात्र प्रतीक्षारत हितग्राहियों को जोड़ा जा सकेगा। ग्राम सभा में पात्र परिवारों को राशन वितरण की जानकारी देने से वितरण व्यवस्था में पारदर्शिता एवं जनभागीदारी बढ़ेगी।ग्राम पंचायत एवं नगरीय निकाय स्तर पर इसका क्रियान्वयन ग्राम पंचायत, नगरीय निकाय एवं उचित मूल्य दुकान विक्रेता के द्वारा किया जाएगा। जनपद स्तर पर निगरानी स्छरू एवं ASO/JSO द्वारा की जाएगी। जिला स्तर पर निगरानी कलेक्टर एवं छस्ट्/छस्ह् द्वारा की जाएगी। राज्य स्तर पर संचालनालय खाद्य के कन्ट्रोल रूम से निगरानी की जाएगी।

एसडीएम ने किसान एवं व्यापारियों को दी भावांतर योजना की जानकारी

नवभारत न्यूज

इटारसी/04,अक्टूबर2025/ कृषि उपज मंडी समिति इटारसी में शासन द्वारा लागू भावांतर योजना को लेकर कलेक्टर सुश्री सोनिया मीना के निर्देशानुसार अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) सह भारसाधक अधिकारी श्री नीलेश शर्मा की अध्यक्षता में बैठक आयोजित की गई। बैठक में विभिन्न किसान संगठनों के प्रतिनिधि तथा व्यापारिक एसोसिएशन के अध्यक्ष और सदस्य बड़ी संख्या में उपस्थित हुए। बैठक के दौरान किसानों और व्यापारियों को भावांतर योजना की जानकारी दी गई। साथ ही, उनसे योजना को अधिक प्रभावी और पारदर्शी बनाने के लिए सुझाव भी आमंत्रित किए गए। बैठक के दौरान किसान संगठनों के प्रतिनिधियों ने सुझाव दिये कि किसानों द्वारा विक्रय की गई सोयाबीन की राशि व्यापारियों से नगद प्राप्त हो और शेष अंतर की राशि शासन स्तर से सीधे किसानों के खाते में जमा हो। किसानों की कृषि उपज की बोली न्यूनतम समर्थन मूल्य से अधिक पर ही लगे, ताकि उन्हें उचित मूल्य प्राप्त हो सके। इसके अलावा, मॉडल भाव की पारदर्शिता सुनिश्चित करने के लिए प्रतिदिवस मॉडल भाव को प्रदर्शित किया जाए। अनुविभागीय अधिकारी श्री नीलेश शर्मा ने उपस्थित किसान भाइयों एवं व्यापारिक प्रतिनिधियों को आश्वस्त किया कि उनके सभी सुझावों को संकलित कर उच्च स्तर तक प्रेषित किया जाएगा।

सामाजिक संगठनों ने की सफेद हेडलाईट पर प्रतिबंध की मांग

नवभारत न्यूज

इटारसी, 04 अक्टूबर सड़क सुरक्षा एवं जनहित को ध्यान में रखते हुए सामाजिक कार्यकर्ता अर्चना मालवीय के नेतृत्व में नगर के विभिन्न सामाजिक संगठनों द्वारा आज एसडीओपी महोदय को एक ज्ञापन सौंपा गया। ज्ञापन के माध्यम से प्रदेश सरकार से यह अपील की गई कि वाहनों में सफेद हेडलाइट के उपयोग पर तत्काल प्रतिबंध लगाया जाए तथा पीली हेडलाइट को सभी वाहनों में अनिवार्य किया जाए। संगठनों ने कहा कि अत्यधिक तेज और सफेद रोशनी सड़क पर आने-

सफेद लाईट राहगीरों के लिये खतरनाक, पीली हेडलाइट को वाहनों में अनिवार्य किया जाए।

जाने वाले राहगीरों एवं वाहन चालकों के लिए गंभीर खतरा उत्पन्न करती है, जिससे दुर्घटनाओं की संभावना कई गुना बढ़ जाती है। यदि सरकार इस दिशा में ठोस कदम उठाए, तो हजारों निर्दोष लोगों की जान बचाई जा सकती है और सड़कों पर सुरक्षा की भावना मजबूत होगी। ज्ञापन में यह भी आग्रह किया गया कि परिवहन विभाग एवं पुलिस प्रशासन को नियमों का सख्ती से पालन कराने के निर्देश दिए जाएं, साथ ही सड़क सुरक्षा के लिए जनजागरूकता अभियान चलाया जाए ताकि आमजन में यातायात के प्रति अनुशासन और संवेदनशीलता बढ़े।इस मुहिम में कई संगठनों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया, जिनमें श्री गौड़ मालवीय ब्राह्मण समाज महिला मंडल संगठन मातृशक्ति एवं वरिष्ठ मंडल, विश्व हिंदू परिषद के पदाधिकारी, राष्ट्रीय युवा हिंदू वाहिनी, मुस्कान संस्था परिवार सहित अनेक सामाजिक संगठनों ने इस जनहितकारी मांग का समर्थन किया.

कन्या पूजन और भंडारा 7 को

इटारसी। शारदीय नवरात्रि के पावन पर्व की समाप्ति और शरद पूर्णिमा के अत्यंत शुभ अवसर पर, क्षेत्र के प्रसिद्ध धार्मिक स्थल दादा दरबार तवानगर में भव्य धार्मिक आयोजन रखा गया है। 'जय श्री दादाजी धूनी वाले सदा प्रसन्न रहें' के जयघोष के साथ, दादा दरबार समिति ने सभी श्रद्धालुओं को इस पावन कार्यक्रम में आमंत्रित किया है। यह आयोजन मंगलवार, 7 अक्टूबर 2025 को किया जाएगा। कार्यक्रम की शुरुआत दोपहर 12 बजे से होगी। इस दौरान नौ देवियों का स्वरूप मानी जाने वाली छोटी कन्याओं का विधि-विधान से पूजन किया जाएगा।

निशुल्क सुपर स्पेशियलिटी स्वास्थ्य परामर्श शिविर आज

नवभारत न्यूज

इटारसी। भोपाल के अपोलो सेज हॉस्पिटल्स और पूज्य पंचायत सिंधी समाज, इटारसी के संयुक्त तत्वावधान में एक निःशुल्क सुपर स्पेशियलिटी स्वास्थ्य परामर्श शिविर का आयोजन किया जा रहा है। यह शिविर रविवार, 5 अक्टूबर 2025 को सुबह 11 बजे से दोपहर 2 बजे तक संत कंवर राम सिंधु भवन, सिंधी कॉलोनी, गली नंबर 4, इटारसी में आयोजित होगा। शिविर में भोपाल के प्रसिद्ध आधा दर्जन से अधिक अनुभवी स्पेशलिस्ट डॉक्टर्स अपनी सेवाएं देंगे और मरीजों को निःशुल्क स्वास्थ्य परामर्श उपलब्ध कराएंगे। परामर्श के साथ ही मरीजों को वाइटल चेकअप, ब्लड प्रेशर, रैंडम ब्लड शुगर, ई.सी.जी. (अगर ज़रूरी हो) और बीएमडी टेस्ट जैसी जरूरी जांचें भी निःशुल्क प्रदान की जाएंगी।

त्यौहार स्नान पर्व के दौरान कानून एवं शांति व्यवस्था बनाये रखने हेतु जिम्मेदारी

नर्मदापुरम अक्टूबर माह में 6 अक्टूबर को शरद पूर्णिमा, 7 अक्टूबर को स्नान दान व्रत पूर्णिमा एवं महर्षि वाल्मीकि जयंती, 18 अक्टूबर को धनतेरस, 20 अक्टूबर को दीपावली, 21 अक्टूबर को स्नान दान अमावस्या एवं 27 अक्टूबर को छठ पूजा के अवसर पर अपने-अपने अनुविभाग स्तर अंतर्गत उल्लेखित त्यौहार स्नान पर्व के दौरान कानून एवं शांति व्यवस्था बनाये रखने के लिए अतिरिक्त जिला दण?डाधिकारी नर्मदापुरम श्री राजीव रंजन पांडे ने कार्यपालिक दण्ड अधिकारियों/अधिकारियों की ड्यूटी लगाई। जारी आदेशानुसार अतिरिक्त जिला दंडाधिकारी श्री सिंह ने एसडीएम इटारसी श्री निलेश शर्मा एसडीएम पिपरिया श्री देवेंद्र प्रताप सिंह अनुविभागीय दण्डाधिकारी सोहागपुर सुश्री प्रियंका भल्लावी, अनुविभागीय दण्डाधिकारी नर्मदापुरम श्रीमति नीता कोरी, सिटी मजिस्ट्रेट नर्मदापुरम श्री बृजेन्द्र रावत एवं अनुविभागीय दण्डाधिकारी सिवनी मालवा श्रीमती सरोज परिहार को संपूर्ण अनुविभाग के अंतर्गत आने वाले घाटों पर अधिकारियों की ड्यूटी लगाने एवं कानून व्यवस्था हेतु प्रभारी अधिकारी का दायित्व सौपा है।

नगर में निकला आरएसएस का पथ संचलन, दिया एकता का संदेश

नवभारत न्यूज

सिरोली, शनिवार को राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ द्वारा नगर में भव्य पथ संचलन का आयोजन किया गया। इस अवसर पर सैकड़ों की संख्या में स्वयंसेवक परंपरागत गणवेश में शामिल हुए और अनुशासित कदमताल करते हुए नगर के मुख्य मार्गों से गुजरे।

संचलन के दौरान नगरवासियों में उत्साह का माहौल दिखाई दिया। जगह-जगह नागरिकों ने पुष्प वर्षा कर स्वयंसेवकों का स्वागत किया और संगठन के प्रति अपना सम्मान व्यक्त किया। पथ संचलन नगर के प्रमुख मार्गों—बाजार चौक, मुख्य चौक, बस स्टैंड तथा अन्य स्थान से होता हुआ माहेश्वरी मार्केटिंग ग्राउंड पर पहुंचा। यहां पर कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें संघ के वरिष्ठ पदाधिकारी एवं स्थानीय गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे। कार्यक्रम की शुरुआत प्रार्थना और गीत के साथ हुई। इसके बाद वक्ताओं ने अपने उद्बोधन दिए। वक्ताओं ने कहा कि राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ का मूल उद्देश्य राष्ट्र निर्माण और समाज में अनुशासन, संगठन तथा सेवा की भावना को मजबूत करना है। उन्होंने जोर देते हुए कहा कि हिंदू समाज की एकता और राष्ट्र की अखंडता संघ के प्रमुख ध्येय हैं। वक्ताओं ने युवाओं का आह्वान किया कि वे देशहित के कार्यों में सक्रिय भागीदारी निभाएं और समाज को मजबूत बनाने में अपनी भूमिका निभाएं। संचलन और कार्यक्रम में शामिल लोगों ने इसे अनुशासन और समर्पण का प्रतीक बताया।

ब्लाक कांग्रेस ने गांधी और शास्त्री जयंती पर बांटे फल

पिपरिया राष्ट्रपिता महात्मा गांधीजी एवं पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्रीजी की जयंति पर ब्लॉक कांग्रेस कमेटी पिपरिया ने पी जी कॉलेज में महात्मा गांधी जी की मूर्ति पर माल्यार्पण किया। पी जी कॉलेज में इसी के साथ दोनों महापुरुषों महात्मा गांधी एवं लालबहादुर शास्त्रीजी के छायाचित्र पर पुष्प अर्पित कर उन्हें नमन करते हुए याद किया भावपूर्ण श्रद्धांजलि दी।महान नेताओं के जन्मदिवस के अवसर पर ब्लॉक कांग्रेस कमेटी ने वृद्धाश्रम में पहुंच वृद्धजनों को बिस्किट पैकेट, फल वितरित किए और वृद्धजनों से आशीर्वाद लिया। कांग्रेस नेताओं एवं कार्यकर्ताओं ने महात्मा गांधी एवं लाल बहादुर शास्त्री जी के बताए मार्ग सत्य अहिंसा के मार्ग पर सदैव चलते रहने का संकल्प लिया। महात्मा गांधीजी एवं शास्त्रीजी की जयंती पर श्रद्धांजलि देने एवं वृद्धाश्रम में फल वितरण कार्यक्रम में ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष शरद चौधरी,पूर्व विधानसभा प्रत्याशी हरीश बेमन, फहीम अब्दुल्ला, नरेन्द्र दुबे, राधे पटेल, दीपसिंह छाबड़ा,सुनीत पुरोहित, हरनाम सिंह राठौर,पीसी जोशी, दीपसिंह राजपूत,मंडलम कांग्रेस अध्यक्ष हथवांस दिलीप कुशवाह आदि उपस्थित थे.

बारिश से किसानों की चिंताएं बढ़ीं

नवभारत न्यूज

सिवनी मालवा 04 अक्टूबर 2025, सिवनी मालवा क्षेत्र में हो रही बारिश से किसानों की चिंताएं बड़ गई है। पिले मोजेक से क्षेत्र में सोयाबीन की फसल पहले ही खराब है। बारिश जारी रही तो मक्का को भी नुकसान होने की संभावना है। माह अक्टूबर में रह रह कर हो रही तेज बारिश से किसानों की चिंताएं बड़ी है। लगातार हो रही बारिश ने किसानों की चिंता बढ़ा दी है। पहली बार अक्टूबर माह में इतनी तेज बारिश हो रही है। अति वर्षा एवं पिले मोजेक से क्षेत्र में सोयाबीन की फसल पहले ही खराब हो चुकी है। यदि इसी तरह बारिश जारी रही तो मक्का किसानों को भी नुकसान होगा।

ज्वारे विसर्जन करने पहुंचे भक्तजन

पिपरिया दुर्गा मंदिर धार्मिक न्यास दुर्गा मंदिर मंगलवारा चौराहे पर नवदुर्गा उत्सव के दौरान घट स्थापना की व ज्वारे बोये गये। दुर्गा मंदिर धार्मिक न्यास के पदाधिकारी सदस्य ज्वारे विसर्जन हेतु शांडिल्य ऋषि की तपोभूमि साडिया ढोल बाजो के साथ शोभायात्रा में पहुंचे।

विधायक ने की समर्थन मूल्य पर फसल खरीदी करने की मांग

नवभारत न्यूज

हरदा, 04 अक्टूबर कार्यालय कृषि उपज मंडी में शनिवार को खरीफ सीजन 2025 में सोयाबीन फसल की मंड़ी प्रांगण में खरीदी पर भावांतर भुगतान योजना के प्रसार-प्रचार संबंधि बैठक का आयोजन किया गया था। जिसमें हरदा विधायक डॉ. रामकिशोर दोगने के साथ जिला कांग्रेस अध्यक्ष मोहन सांई, विधायक प्रतिनिधि राहुल पटेल सम्मलित हुए। हरदा विधायक डॉ. दोगने, जिला कांग्रेस अध्यक्ष मोहन सांई एवं विधायक प्रतिनिधि राहुल पटेल बैठक का बहिष्कार कर सभाकक्ष से बाहर निकल गए। विधायक डॉ. दोगने द्वारा कहा गया कि भावांतर योजना किसानों के हित में नहीं है। सरकार को भावांतर योजना तत्काल बंद कर सोयाबीन सहित समस्त फसलों की खरीदी समर्थन मूल्य पर करना चाहिए। जिसके संबंध में हरदा विधायक डॉ. दोगने द्वारा म.प्र. के मुख्यमंत्री, हरदा कलेक्टर और सचिव कृषि उपज मंडी समिति हरदा को पत्र सौंपकर भावांतर नहीं किसानों की फसल खरीदी समर्थन मूल्य पर करने की मांग की गई। हरदा विधायक डॉ. दोगने प्रेषित किए गए पत्र में लेख किया गया है कि हरदा जिले सहित समस्त म.प्र. में किसानों की खरीफ की मुख्य फसल सोयाबीन सहित अन्य फसलें अति वर्षा के कारण खराब हो गई है परन्तु मध्य प्रदेश सरकार द्वारा किसानों की सोयाबीन फसल समर्थन मूल्य पर खरीदी करने को लेकर कोई ठोस कदम नहीं उठाया है। जिससे किसान परेशान हो रहे है। मध्य प्रदेश सरकार द्वारा भावांतर योजना पुन: लागू कर दी गई है। भावांतर योजना जब पहले लागू की गई थी तब इस योजना से किसानों को कोई लाभ नहीं हुआ था। जिसके कारण इसे बंद कर दिया गया था। भावांतर योजना किसानों के हित में नही है।

भारी बारिश और तेज आंधी से पेड़ हुए धराशायी

नवभारत न्यूज

हण्डिया 4 अक्टूबर जिले में हुई तेज,आन्धी बारिश से आसपास के क्षेत्रों में हण्डिया तहसील के ग्रामों का सम्पर्क कटा रहा। वही दूसरी तरफ छोटे बड़े वाहन चालकों को परेशानी का सामना करना पड़ा । हंडिया तहसील सहित आसपास के ग्रामीण अंचलों में सोयाबीन की फसले भारी बारिश के चलते खराब हो चुकी है तो दूसरी तरफ अन्नदाता की धान की फैसले तेज हवा और बारिश के करण आडी पड चुकी हैं जिससे उन्हें भारी क्षति होने का अंदेशा बना हुआ है। पिछले दो दिनों से क्षेत्र में हो रही भारी बारिश और तेज आंधी के

चलते बड़े-बड़े पेड़ धराशाई हो गए हैं जिससे हंडिया बमोरी मार्ग जाने वाले वाहनों को परेशान आई का सामना करना पड़ रहा है। कुछ किसानों ने चर्चा के दौरान हमारे संवाददाता को बताया है कि क्षेत्र में हो रही लगातार बरसात ने हमारी सोयाबीन की खाड़ी फैसले अंकुरित होकर सड़ चुकी है। तो कुछ किसानों ने तधान की फसल जमीन पर आडी पड़ने हजारों रुपए की क्षति होने का आरोप लगाया.

विशाल राज्य स्तरीय भजन प्रतियोगिता हुई

पिपरिया इतवारा बाजार में प्रतिवर्ष की तरह इस वर्ष भी विशाल राज्य स्तरीय भजन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। भजन प्रतियोगिता 2 अक्टूंबर दशहरे के दिन से विधायक ठाकुरदास नागवंशी, नपाध्यक्ष नीना नवनीत नागपाल, जिला योजना समिति भारत सरकार के सदस्य अरविंद राय, राकेश पालीवाल, ममता नागवंशी, धर्मेन्द्र राय,मनोज पाल, सुशील साहू, जगदीश आरसे,सुधा सिलावट, नीलम पचौरी,हर्षलता राजपूत, राजेन्द्र उपाध्याय, गुलाबसिंह बैकर,गोपाली दुदानी, बाबू छीपा सहित दुर्गा महोत्सव समिति इतवारा बाजार के पदाधिकारी सदस्यों की उपस्थिति में भजन प्रतियोगिता का शुभारंभ हुआ जो रातभर चली दूसरे दिन तक जारी रही.

रंगारंग गरबा महोत्सव में इटारसी प्रथम

नवभारत न्यूज

हरदा, 04 अक्टूबर भव्य रंगारंग सांस्कृतिक गरबा महोत्सव का आयोजन धूमधाम से श्री बालाजी पब्लिक स्कूल में नगर पालिका अध्यक्ष भारती कमेड़िया के आथित्य में संपन्न हुआ ।

क्षेत्र के सबसे बड़े गरबा महोत्सव में विभिन्न अंचलों जैस-बुरहानपुर, खंडवा, इटारसी ,इंदौर, खातेगांव, कन्नौद एवं लोकल हरदा की 18 टीमों ने माता रानी की आराधना में गरबा नृत्य की शानदार प्रस्तुतियां दी। आकर्षक पांडाल के बीच थिरकते कदमों ने दर्शकों का मन मोह लिया ।इंद्रदेव की लुका छुपी के बीच 1500 से ज्यादा दर्शक माता रानी के दरबार में झूमते नजर आए ।इस गरबा उत्सव में 8 से 10 साल के बच्चों ने ताल से ताल मिलाई वही 45 से 50 वर्ष की महिलाओ

ने भी पूरे उत्साह और उमंग के साथ भक्ति रस में भीग कर नृत्य किया। प्रतियोगिता इतनी टक्कर की थी कि सभी 18 टीमों की अत्याकर्षक प्रस्तुतियों को देखने के बाद दर्शक देर रात तक परिणाम की प्रतीक्षा में अंत तक बैठे रहे। मुख्य अतिथि नगर पालिका अध्यक्ष श्रीमती भारती जी कमेडियन ने आकर्षक प्रस्तुतियों की सराहना करते हुए परिणामों की घोषणा की, जिसमें इटारसी की टीम नित्य मॉडल गरबा ग्रुप प्रथम रही। द्वितीय पुरस्कार हरदा की टीम नृत्य कला गरबा ग्रुप को मिला एवं तृतीय स्थान पर हरदा की टीम एच 10 रही । तीनों टीमों को क्रमश: 31000, 21000 एवं 11000 के नगद पुरस्कार ,स्मृति चिन्ह और प्रशस्ति पत्र से सम्मानित किया गया।

धान खरीदी 3100 रुपये प्रति क्विंटल की जाए

सिवनी मालवा सिवनी मालवा विधानसभा के ग्राम बराखड़ कला एवं बराखड़ खुर्द के दर्जनों किसानों ने भावांतर योजना का विरोध करते हुए फसलों की खरीदी समर्थन मूल्य पर किए जाने की मांग को लेकर ग्राम पंचायत बराखड़ कला में पंचायत सचिव हरिकेश पंचोले एवं सरपंच शंकर सिंह उइके को ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में किसानों ने खरीफ फसलों की खरीदी भावांतर योजना के तहत नहीं, बल्कि समर्थन मूल्य पर किए जाने की मांग की। किसानों ने एक स्वर में समर्थन मूल्य पर खरीदी की मांग करते हुए बताया कि सोयाबीन एवं मक्का फसलों की खरीदी यदि भावांतर योजना के माध्यम से की जाती है, तो किसानों को उचित मूल्य नहीं मिल पाता और उन्हें भारी नुकसान उठाना पड़ता है।

सिंगाजी महाराज का निशान शरद पूर्णिमा पर चढ़ेगा

सामाजिक एकता अखंडता और सद्भावना के साथ निशान की पूजा अर्चना कर निशान को रवाना किया गया यह निशान देवपुर से खिरकिया होते हुए सिंगाजी धाम पहुंचेगा।

नवभारत न्यूज

खिरकिया, 04 अक्टूबर क़रीब ग्राम देवपुर से सदुरु सिंगाजी महाराज का निशान शरद पूर्णिमा के पावन अवसर पर सिंगाजी धाम मंदिर पर चडेगा। सामाजिक एकता अखंडता और सद्भावना के साथ पूरे गांव एवं नगर भ्रमण कर पूरे गांव वासियों द्वारा निशान की पूजा अर्चना कर निशान को रवाना किया गया यह निशान देवपुर से । खिरकियां होते हुए सिंगाजी धाम पहुंचेगा। मुकेश यादव,कल्लू यादव

के निवास से निशान को रवाना किया गया। इस दोरान निशान यात्रा में उपस्थित संत श्री देवकरण जी बाबा नीमखेड़ा एवं ग्राम के तेजराम यादव ,ताराचंद यादव, जलाल पटेल, सखाराम यादव, मोजम यादव ,मायाराम यादव, शिवराम यादव सूरज यादव ,भैया लाल, रामनारायण, वैभव बिश्नोई, देवचंद, संतोष, नेमीचंद यादव,दयाराम सहित ग्राम के गणमान्य बंधु उपस्थित रहे।